**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3134**

**(दिनांक 19.03.2025 को उत्तर देने के लिए)**

## राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार

**3134. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या हाल ही में 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों और फिल्मों के नाम क्या हैं;

(ख) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करने के लिए फिल्मों/व्यक्तियों के चयन हेतु अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में फिल्म पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है तथा इसमें अब तक कितनी सफलता मिली है;

(घ) क्या देश में फिल्म पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के बावजूद इसे पूर्ण रूप से विकसित नहीं किया जा सका है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

**(क) से (ङ):** सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (एनएफए) समारोह दिनांक 08.10.2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। 70वें एनएफए के विजेताओं की राजपत्र अधिसूचना और नियम वेबसाइट https://mib.gov.in/documents/notification/other-communication पर उपलब्ध हैं।

फिल्म पर्यटन सहित पर्यटन के संवर्धन और विकास का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों का होता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय विभिन्न स्कीमों और पहलों के माध्यम से फिल्म पर्यटन सहित देश में विभिन्न प्रकार के पर्यटन को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है।

इसके अलावा, अधिक विदेशी फिल्म निर्माण को देश में आकर्षित करने और भारत को अनुकुल शूटिंग स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने 2022 में प्रोत्साहन स्कीम शुरू की, जिसे बाद में 2023 में और बढ़ाया गया। यह स्कीम विदेशी निर्माण और आधिकारिक सह-निर्माण के क्वालिफाईड निर्माण व्यय की 40% तक प्रतिपूर्ति प्रदान करती है। अनुलग्नक के अनुसार विदेशी फिल्म शूटिंग अनुमति और अधिकारिक सह-निर्माण में सतत वृद्धि हुई है।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा `राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार` के संदर्भ में दिनांक 19.03.2025 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 3134 के उत्तर के भाग (क) से (ङ) में संदर्भित अनुलग्नक

विदेशी फिल्म शूटिंग अनुमति और अधिकारिक सह-निर्माण का विवरण:

| क्र.सं. | वर्ष | शूटिंग और आधिकारिक सह-निर्माण के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या | प्रतिशत में वृद्धि |
|---|---|---|---|
| i. | वित्त वर्ष 2021-22 | 21 | - |
| ii. | वित्त वर्ष 2022-23 | 33 | 57% |
| iii. | वित्त वर्ष 2023-24 | 44 | 33.3% |
| iv. | वित्त वर्ष 2024-25 13 मार्च 2025 तक | 60 | 36.3% |

*****